दिनांकः 19.07.2024 समय : 18.30 पीएम

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार।

- केन्द्र सरकार द्वारा महिला उद्यमियों को सहायता प्रदान करने और बढ़ावा देने के लिए पहले "यशस्विनी" जागरूकता अभियान का जयपुर में शुभारंभ।
- राज्य सरकार और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इण्डिया के बीच कोटा ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट को लेकर समझौता।
- प्रदेश में इस वित्तीय वर्ष में गैस पाईप लाईन से एक लाख नए घरेलू गैस कनेक्शन दिये जायेंगे।
- मौसम विभाग ने आज अजमेर, भीलवाड़ा, टोंक ओर कोटा में तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

.......................................................................

केन्द्र सरकार द्वारा महिला उद्यमियों को सहायता प्रदान करने और उन्हें बढ़ावा देने के मकसद से पहले "यशस्विनी" जागरूकता अभियान का आयोजन आज जयपुर के राजस्थान इंटरनेशन सेंटर में किया गया। केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी ने इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मांझी ने कहा कि हमेशा से महिलाएं हर क्षेत्र में आगे रही हैं। उन्होंने कहा कि उद्यम और स्वरोजगार में भी महिलाएं आगे आएं इस मकसद से 'यशस्विनी' अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि सूक्षम, लघु और मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देकर प्रदूषण को कम किया जा सकता है।

.......................................................................

श्री मांझी ने कहा कि एमएसएमई इकाइयों को आगे बढ़ाने के लिए सरकार बैंक गारंटी देती है, ऐसे में बैंकों को भी इन इकाइयों को सुगम लोन उपलब्ध कराना चाहिए। उन्होंने विभिन्न उद्योगों के क्लस्टर बनाने पर भी जोर दिया। एमएसएमई राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं को उद्यमी बनाने के लिए केन्द्र सरकार की कई योजनाएं चल रहीं हैं। महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ उन योजनाओं की जानकारी लेकर लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से सक्षम होने से ही महिलायें स्वावलंबन और आत्मविश्वास को प्राप्त कर सकती हैं। इस कार्यक्रम में 600 से अधिक महिला उद्यमी, विशेष रूप से स्वयं सहायता समूहों के सदस्य, सूक्ष्म अनौपचारिक उद्यमी, कारीगर और भावी महिला उद्यमी भाग ले रही हैं।

.......................................................................

कोटा ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के निर्माण को लेकर आज भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अध्यक्ष संजीव कुमार, नागरिक उड्डयन के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल और नगरीय विकास और प्रमुख शासन

सचिव टी. रविकान्त ने कोटा एमओयू पर हस्ताक्षर किए। जयपुर में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की मौजूदगी में यह समझौता हुआ। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि कोटा ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जा रही है। इसके बाद निविदा मांगी जायेगी। नगरीय विकास विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकान्त ने बताया कि ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट का निर्माण 440 हैक्टेयर भूमि पर किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आमजन को अत्याधुनिक हवाई सुविधाएं उपलब्ध कराने के क्रम में कोटा ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट मील का पत्थर साबित होगा। इसके बनने से प्रदेश में ना केवल पर्यटन को गति मिलेगी बल्कि शैक्षिक और व्यापारिक गतिविधियों में बढोतरी होगी। उन्होंने कहा कि विकसित राजस्थान के लक्ष्य की प्राप्ति में विमानन क्षेत्र का विकास अहम है। श्री शर्मा ने कहा कि जयपुर एयरपोर्ट के टर्मिनल की क्षमता को भी बढाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उदयपुर हवाई अड्डे के विकास और विस्तार तथा बाड़मेर के उतरलाई हवाई अड्डे पर स्थायी सिविल एन्क्लेव और अप्रोच रोड के लिए निशुल्क भूमि उपलब्ध कराएगी।

..............................................................................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि वर्तमान राज्य सरकार के पहले ही बजट में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में हर वर्ग को राहत देने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार सभी योजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन भी सुनिश्चित करेगी। श्री शर्मा आज मुख्यमंत्री निवास पर लालसोट विधानसभा क्षेत्र के निवासियों की आभार सभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लालसोट विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए बजट में कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। लालसोट विधायक रामबिलास ने बजट में दौसा जिले तथा लालसोट के लिए दी गई सौगातों के लिये मुख्यमंत्री का आभार जताया।

..............................................................................

सहकारिता मंत्री गौतम कुमार ने आज विधानसभा में कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत प्रदेश के 65 लाख किसानों को 650 करोड़ रूपये का लाभ सीधा खातों में हस्तांतरित किया गया है। सहकारिता मंत्री प्रश्नकाल के दौरान इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि पहली बार पीएम–किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों के खातों में राशि का सीधा हस्तान्तरण किया गया है। उन्होंने बढ़ी हुई राशि का भुगतान वर्तमान सरकार के गठन के समय से करने और किसानों को बाकी राशि का एक मुश्त भुगतान करने के संबंध में कहा कि ऐसा कोई प्रस्ताव विभाग के स्तर पर विचाराधीन नहीं है।

..............................................................................

विधानसभा में आज प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली के विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को धृतराष्ट्र कहने के मामले में जमकर हंगामा हुआ। हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही पहले एक घंटे के लिये और फिर आधे घंटे के लिए स्थगित करना पड़ी। हालांकि बाद में विधानसभा में गतिरोध दूर हो गया। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सदन में गतिरोध दूर होने के बाद कांग्रेस विधायक हरीश चौधरी के

ठाकुर का कुआं कविता पढ़ने, नेता प्रतिपक्ष और मंत्री अविनाश गहलोत की टिप्पणियों को सदन की कार्यवाही से निकालने के आदेश दिए। श्री देवनानी ने कहा कि पक्ष और विपक्ष के सभी विधायक भी नियम परंपराओं का ध्यान रखें। इससे पहले शून्यकाल की कार्यवाही शुरू होते ही श्री जूली ने अनुदान मांगों पर जवाब के दौरान कल हुए हंगामे और मंत्रियों के आचरण का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि कल मंत्रियों ने जिस तरह का आचरण किया और असंसदीय शब्द बोले लेकिन फिर भी उन्हें कार्यवाही से नहीं निकाला गया। इसलिए बाहर जाकर बोलने की नौबत आई। इस बीच, श्री जूली और श्री देवनानी के बीच तकरार भी हुई।

................................................................................

प्रदेश में इस वित्तीय वर्ष में गैस पाईप लाईन से एक लाख नए घरेलू गैस कनेक्शन दिये जायेंगे। इसके लिए जयपुर, कोटा सहित 8 शहरों में 2 हजार किलोमीटर लम्बी गैस पाईप लाईन बिछाई जाएगी। राज्य की खान सचिव आनन्दी ने आज जयपुर में एक बैठक में यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि राज्य में जयपुर, कोटा, अलवर, जोधपुर, उदयपुर, बूंदी, अजमेर और पाली में 2 हजार किलोमीटर लंबी गैस पाईपलाईन बिछाने के लिए संबंधित सीजीडी संस्थाओं को रोडमैप बनाकर क्रियान्वयन के निर्देश दिए गये हैं। उन्होंने घरेलू के साथ ही औद्योगिक क्षेत्रों में भी पाईप लाईन से अधिक से अधिक गैस कनेक्शन जारी करने को कहा। राजस्थान स्टेट गैस के एमडी रणवीर सिंह ने बताया कि अब तक गैस पाइप लाइन से 3 लाख 9 हज़ार से ज्यादा घरेलू गैस कनेक्शन और 465 औद्योगिक कनेक्शन जारी किये जा चुके हैं।

................................................................................

राज्यपाल कलराज मिश्र ने आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल से मुलाकात की। श्री मिश्र ने बाद में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी मुलाकात की। दोनों की यह शिष्टाचार भेंट थी।

................................................................................

प्रदेश के कई भागों में आज भी बारिश हुई है। भीलवाड़ा में कुछ जगह हल्की बारिश हुई। गंगानगर के गजसिंहपुर क्षेत्र में अच्छी बरसात हुई। मौसम विभाग के अनुसार मानसून ट्रफ लाइन आज भी अपने सामान्य से दक्षिण में स्थित है। इसके प्रभाव से पूर्वी राजस्थान के कुछ स्थानों पर आगामी दिनों में बारिश की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है। पूर्वी राजस्थान में रविवार और सोमवार को बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने तथा कोटा, उदयपुर, जयपुर, अजमेर तथा भरतपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी बारिश होने की संभावना है।

वहीं जोधपुर और बीकानेर संभाग के कुछ हिस्सों में आगामी दिनों में मेघगर्जन और बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने आज अजमेर, भीलवाड़ा, टोंक ओर कोटा में तेज बरसात और बिजली गिरने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

.........................................................................

युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा है कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में खेलों की प्रमुख भूमिका होगी। डॉ. मांडविया ने नई दिल्ली में भारत के ओलंपिक और पैरालंपिक खिलाड़ियों के साथ एक संवाद सत्र में कहा कि विविधता पूर्ण जनसंख्या वाले भारत में अत्याधिक संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि भारत खिलाडियों को उचित समर्थन और अवसर देकर अपनी पदक तालिका बढ़ा सकता है और सरकार इस दिशा में कदम उठा रही है। इस अवसर पर उन्होंने þikFkos V ifjlþ पुस्तिका भी लॉन्च की। 2004 एथेंस पैरालंपिक के स्वर्ण पदक विजेता, देवेंद्र झाझड़िया ने आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए, ओलंपिक खेलों में भारत की उम्मीदों के बारे में बताया।

.........................................................................

झालावाड़ में 75वाँ जिला स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम आज पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे के मुख्य आतिथ्य में मंगलनाथ पहाड़ी पर आयोजित किया गया। श्रीमती राजे ने पहाड़ी पर पीपल और बरगद का पौधा लगाकर वन महोत्सव की शुरुआत की। इसके बाद क्षेत्रीय सांसद दुष्यंत सिंह, जनप्रतिनिधियों और स्कूली बच्चों ने वृक्षारोपण किया तथा पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी भी ली ।

कार्यक्रम संबोधित करते हुए श्रीमति राजे ने अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की।

.........................................................................

केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय सवाईमाधोपुर की ओर से आज जिले के कुस्तला गांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में तीन नए आपराधिक कानून, साइबर अपराध, मानव तस्करी, विश्व जनसंख्या दिवस, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, वर्षा जल संरक्षण के बारे में विषय विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी गई। कार्यक्रम में चित्रकला सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं और मौखिक प्रश्नोत्तरी के विजेताओं को ब्यूरो की ओर से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के समापन पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया।

.........................................................................